तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 7 अगस्त 2025

14 छपोरा में हुआ संयुक्त पालक-शिक्षक सम्मेलन ...

14 ब्रह्माकुमारी बहनों ने पत्रकारों को बांधी राखी...




## खबर संक्षेप

### आज होगा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान

**भाटापारा।** ग्राम पंचायत मोपका साहू समाज मोपका परिक्षेत्र के प्रतिभा वान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह 7 अगस्त गुरुवार को रखा गया है। मुख्य अतिथि इंद साव विधायक भाटापारा विशिष्ट अतिथि-चैतराम साहू पूर्व विधायक भाटापारा व पन्ना लाल साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज भाटापारा अध्यक्षता कोमल साहू अध्यक्ष साहू समाज मोपका परिक्षेत्र विशेष अतिथि- दयालू राम साहू अध्यक्ष तरेगा परिक्षेत्र सहदेव साहू अध्यक्ष मोपर परिक्षेत्र राजेश साहू अध्यक्ष नगर भाटापारा रहेंगे कार्यक्रम 11 बजे मां कर्मा पूजा अर्चना के अतिथीयो का स्वागत व अतिथि का उद्बोधन स्वागत व अतिथि का उदबोधन के बाद साहू समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा कार्यक्रम स्थान समरस्ता भवन व साहू समाज भवन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोपका के पास यह जानवार्र लंकेश्वर साहू व गुना राम साहू द्वारा दिया गया है।

### दिनगहाड़े महिला से 60 हजार की लूट

**मुंडा ।** ग्राम पंचायत बरदा के भाठा मोहल्ला में पुनौतिन बाई वर्मा के यहां सोमवार को रात्रि 11 बजे नकाब लगाकर चोरों ने हाथ में बड़ा तलवार रखकर घर में घुसा और घर में रखे पैसा निकालकर दो नहीं तो तुम्हें तुम्हारे बेटे को जान से मार देंगे यह धमकी लगाते हुए धमकी दिया, जिससे पूनौतिन ने पैर पर पहने गहने व पेटी की चाबी मांग कर पेटी में रखें 15000 को निकालिए और पैर में पहने लच्छा निकलवा कर ले भागे चोर ज्ञात हो पुनौतिन बाई सियाना होते हुए टोकनी में नडडा मुर्रा चना स्कूल के सामने बैठकर बेचा करती है और इकट्ठा किया हुआ था, जिसे जानकार चोर ने लगभग 60,000 चुराकर ले भागे जिसकी सूचना थाना में दर्ज कराई गई पुलिस टीम घर पहुँच कर मुयाना किया और विवेचना में जुटी हुई है ।

### आईटीआई पास युवाओं को रोजगार का सुनहरा मौका

**बलौदाबाजार ।** आईटीआई के विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित युवाओं को रोज़गार पाने का सुनहरा अवसर मिल रहा है।
महानिदेशक प्रशिक्षण कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ के तहत शासकीय आद्यौगिक प्रशिक्षण संस्था सकरी बलौदाबाजार में शिक्षुता प्रशिक्षण अधिनियम 1961 के अंतर्गत आगामी 11 अगस्त, सोमवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले का आयोजन सुबह 10.30 बजे से होगा। उक्त मेले में विभिन्न प्रतिष्ठानों को अप्रेंटिसशिप एवं प्लेसमेंट हेतु आमंत्रित किया गया है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बरेकेलखुर्द में पटेवा पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी कुमार जोगी पिता प्रकाश कुमार (30 वर्ष) निवासी ग्राम बरेकेल खुर्द के कब्जे से कुल 7 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कीमत 2, 100 रुपए को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### बिजली तार की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम गहनाखार खेत में स्थित बिजली खंभे से 300 मीटर केबल तार की चोरी की रिपोर्ट सिंघोड़ा थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को कनिष्ठ अभियंता कोमल साहू ने बताया कि ग्राम गहनाखार खेत में स्थित बिजली खंभे में लगे लगभग 300 मीटर केबल तार कीमत करीब 85000 रुपए को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा काटकर चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# नन्हें बच्चों ने बांधी नपा कर्मचारियों को राखी, स्वच्छता के लिए जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अलग खबर

रक्षाबंधन के अवसर पर पाठशाला स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने नगरपालिका कर्मचारियों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें राखी बाँधी। सीनियर केजी और कक्षा 2 के विद्यार्थियों ने नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर अध्यक्ष अशोक जैन और कर्मचारियों को राखी बाँधी और शहर की स्वच्छता व सौंदर्य बनाए रखने के उनके समर्पित कार्यों के लिए आभार प्रकट किया।

मासूम बच्चों ने कहा कि आप हमारे शहर को साफ और सुंदर रखते हैं, इसके लिए हम आपका धन्यवाद करते हैं। इसमें उपस्थित सभी लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में जिम्मेदारी, कृतज्ञता और सम्मान के मूल्य विकसित करते हैं, जो उन्हें भविष्य में संवेदनशील और जागरूक नागरिक बनाएंगे।

## विद्यार्थियों ने अध्यक्ष अशोक जैन और कर्मचारियों को किया सम्मानित





### बच्चों में संस्कार और जागरूकता बढ़ाने की पहल

विद्यालय की प्राचार्य पूजा जैन ने कहा कि समाज की सेवा करने वाले लोगों का आभार मानना और उनका सम्मान करना बच्चों में संस्कार और सामाजिक जुड़ाव बढ़ाने के लिए जरूरी है। उन्होंने इस कार्यक्रम को पाठ्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। कार्यक्रम के अंत में कर्मचारियों ने बच्चों को मिठाई खिलाई और आशीर्वाद दिया। राखी की यह डोर बच्चों और समाज सेवियों के बीच आपसी स्नेह और सम्मान का प्रतीक बन गई।



**खबर का असर:** हाईकोर्ट की सख्ती और विधायक के पत्र के बाद शासन का बड़ा निर्णय

# कुत्ते का जूठा भोजन परोसने के मामले में 3 शिक्षक निलंबित, तीन की रोकी वेतन वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- लच्छनपुर विद्यालय में लापरवाही उजागर

जिले के पलारी विकासखंड के लच्छनपुर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में 28 जुलाई को बच्चों को कुत्ते का जूठा मध्यान्ह भोजन परोसने के मामले में शासन ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर दीपक सोनी के प्रस्ताव और जांच प्रतिवेदन के आधार पर कुल तीन जिम्मेदार शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। जांच में पाया गया कि रसोइयों द्वारा तैयार सब्जी को आवारा कुत्ते द्वारा जूठा किए जाने के बावजूद भोजन बच्चों को परोसा गया। घटना को दबाने का प्रयास करते हुए बच्चों को गुपचुप तरीके से एंटी रेबीज टीके लगाए गए। इसे गंभीर लापरवाही और सिविल सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन मानते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की गई।


हमर-प्रदेश
रायपुर, रविवार, 3 अगस्त 2025 haribhoomi.com
लापरवाही की हद पार: मध्यान भोजन में जानबूझकर परोसा कुत्ते का जूठा, फिर लगाया रेबीज का एंटी डोज
डीईओ ने किया नोटिस जारी

### लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्तः शासन

गौरतलब है कि इस मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया था। बच्चों को रेबीज का टीका लगाए जाने की जानकारी पर विधायक संदीप साहू ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और विशेष जांच दल गठित करने की मांग की थी। वहीं छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने भी घटना पर स्वतः संज्ञान लेते हुए शिक्षा सचिव से व्यक्तिगत हलफनामा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। सरकार ने यह संदेश दिया है कि बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ी योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या तथ्य छुपाने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


कुत्ते द्वारा जूठा भोजन परोसने की घटना पर कोर्ट ने लिया संज्ञान
...ड-डे मील में घोर लापरवाही पर हाईको...
...ख्त, शिक्षा सचिव से मांगा हलफना...

### इनपर हुई कार्रवाई

*निलंबित शिक्षकों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लच्छनपुर के प्रभारी प्राचार्य संतोष कुमार साहू, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लच्छनपुर के प्रभारी प्रधानपाठक नेतराम गिरि और शिक्षक एलबी वेदप्रकाश पटेल शामिल हैं। साथ ही घटना को छुपाने में सहयोग करने वाले शिक्षक एलबी रविलाल साहू, एलबी नेमीचंद बघेल और एलबी नामप्यारी ध्रुव की आगामी एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोक दी गई है।*

**208 सैंपल में 8 अवमानक मिले**

# खाद्य व औषधि प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- भाटापारा व सिमगा में दुकानों की जांच, अमानक पान चटनी और बालूशाही को किया गया नष्ट

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने भाटापारा और सिमगा में दुकानों और मीना बाजार में खाद्य पदार्थों की जांच की। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से की गई इस कार्रवाई में 41 प्रतिष्ठानों से कुल 208 सैंपल लिए गए, जिसमें से 199 सैंपल मानक पाए गए और 8 सैंपल अवमानक (अमानक) मिले। अमानक पाई गई पान चटनी और बालूशाही को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया और 4 दुकानों को नोटिस जारी किया ▶▶ शेष पेज 12 पर

### सिमगा में मिला असुरक्षित खाद्य रंग



सिमगा में 19 प्रतिष्ठानों से 98 सैंपल की जांच हुई, जिसमें से 93 मानक, 4 अवमानक और एक सैंपल असुरक्षित पाया गया। असुरक्षित पाया गया पदार्थ 'गाय छाप मेटानिल येलो रंग' था, जिसके बाद पुलिस ने लक्ष्मी किराना स्टोर्स पर छापा मारकर 2 बॉक्स रंग को नष्ट कराया। साथ ही सभी किराना व्यापारियों को इस रंग को खाद्य पदार्थ के रूप में न बेचने की चेतावनी दी गई। इसके अलावा, जैन होटल, अमित स्वीट्स, जय दुर्गा स्वीट्स और लक्ष्मी किराना स्टोर्स से 7 मिठाइयों के नमूने लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

# गौ मांस बिक्री मामले में फरार 4 आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

थाना प्रभारी रितेश मिश्रा ने बताया कि विगत 07 जनवरी को सूचना मिली कि ग्राम गणेशपुर बांधा तालाब के पास मवेशी को कटिंग कर बिक्री करने के लिए रखा गया है। जिस पर टीम द्वारा संबंधित स्थल में रेड की गई। इस दौरान पुलिस को देखकर वहां से कई आरोपी भाग गए। मौके पर एक व्यक्ति कटे हुए मवेशी के साथ मिला जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम नरेश राय बताया तथा उसके द्वारा अन्य आरोपियों के साथ मवेशी का वध कर उसे बिक्री करने हेतु रखना बताया गया।

पुलिस द्वारा धारा 325, 111, 3 (5) बीएनएस एवं 4,5,10,11 छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम, 11 पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। तथा आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया । वहीं प्रकरण में शामिल एवं अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी कर 04 आरोपियों जिनमें 1. प्रशांत मसीह उर्फ गोल्डी उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम गणेशपुर, 2. सुनील मसीह उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम गणेशपुर, 3. नाईलेश मसीह उर्फ जिमी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम गणेशपुर, 4. रूपेन्द्र मसीह उर्फ लालू उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम गणेशपुर को हिरासत में लेकर आज बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।



# बलौदाबाजार पुलिस का सघन चेकिंग अभियान शराब पीकर वाहन चला रहे 10 लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- 22 महत्वपूर्ण स्थानों पर नाकाबंदी कर की गई सघन जांच
- अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करी पर भी रखी गई नजर

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में, बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने जिले में एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया। 5 अगस्त को शाम 5 बजे से रात 7 बजे तक चले इस अभियान के तहत, जिले के 22 महत्वपूर्ण स्थानों पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों और अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों पर शिकंजा कसा गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य शराब पीकर वाहन चलाने वालों, अवैध रूप से शराब व मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों और यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों को पकड़ना था। पुलिस ने बलौदाबाजार के गार्डन चौक, पलारी के सांई मंदिर चौक, भाटापारा के अस्पताल चौक, सिमगा के तिल्दा अंडरब्रिज चौक सहित विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी की।




### 10 वाहन चालक गिरफ्तार 223 पर हुई कार्रवाई

इस सघन चेकिंग अभियान में कुल 10 वाहन चालकों को पकड़ा गया, जो शराब के नशे में गाड़ी चला रहे थे। इन सभी के वाहनों को जब्त कर लिया गया है और उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। इसके अलावा, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 223 लोगों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

### कानून व्यवस्था बनाए रखने की पहल

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है। शराब पीकर वाहन चलाना एक गंभीर अपराध है, जिससे न केवल वाहन चालक, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों की जान को भी खतरा होता है। इस तरह के अभियान से आम जनता में जागरूकता बढ़ेगी और नियमों का पालन सुनिश्चित होगा।

**भाजपा सरकार का फैसला जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाएगा**

# बिजली बिल हाफ़ योजना बंद करना जनता पर अत्याचार : जिला कांग्रेस अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- 400 यूनिट की छूट को 100 यूनिट तक सीमित किया गया
- कांग्रेस ने प्रदेशभर में आंदोलन की चेतावनी दी

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ़ योजना को बंद करने के फैसले को जनता पर सीधा अत्याचार बताया है। बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि सरकार ने यह योजना सिर्फ 100 यूनिट से कम बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं के लिए ही रखी है, जबकि 100 यूनिट से ज़्यादा बिजली इस्तेमाल करने वालों को अब पूरा बिल चुकाना होगा।

सुमित्रा घृतलहरे ने बताया कि कांग्रेस की पिछली सरकार ने मुश्किल परिस्थितियों में भी 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ़ योजना चलाई थी, जिससे 44 लाख से ज़्यादा उपभोक्ताओं को हर साल 40 से 50 हजार रुपये की राहत मिल रही थी। यह योजना पिछले 5 सालों से जनता के लिए एक बड़ा सहारा बनी हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के इस फैसले से आम उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ और बढ़ जाएगा।



### महंगाई और स्मार्ट मीटर को लेकर भी सरकार पर हमला

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने पिछले महीने ही घरेलू बिजली दरों में 10 से 20 पैसे और कृषि पंपों के लिए 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की थी, जिससे महंगाई पहले ही बढ़ गई थी। अब इस योजना को बंद करने से आम लोग और ज़्यादा संकट में आ जाएंगे। कांग्रेस ने केंद्र सरकार की नीतियों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि गलत नीतियों के कारण बिजली उत्पादन की लागत बढ़ी है, कोयला आयात महंगा हुआ है और डीजल पर टैक्स बढ़ने से महंगाई लगातार बढ़ रही है। प्रदेश में नई स्मार्ट मीटर व्यवस्था से भी लोगों में आक्रोश है, क्योंकि गलत रीडिंग और ज़्यादा बिल आने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं।

### कांग्रेस करेगी प्रदेशव्यापी आंदोलन

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार के इस जनविरोधी फैसले के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि यह फैसला सीधे तौर पर गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों की आर्थिक कमर तोड़ने वाला है, जिसे कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी।

# बिजली बिल हाफ़ योजना बंद कर भाजपा ने गरीबों का बिगाड़ा बजटः डॉ. फारूकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

आम जनता का बजट बिगाड़ने में भाजपा सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है ये बात कहते हुए जिला कांग्रेस बलौदाबाज़ार प्रवक्ता डॉ अयाज अहमद फ़ारूक़ी ने कहा कि भाजपा द्वारा सरकार बनने से पहले मंहगाई कम करने के बड़े बड़े वादे किये जाते थे, मगर सरकार बनने के बाद बेलगाम महंगाई बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है कांग्रेस की भूपेश सरकार के 400 युनिट तक बिजली बिल हाफ योजना को समाप्त किया जा रहा है। ज़्यादा तर आम उपभोक्ता के घर 300-400 यूनिट से ज़्यादा बिजली बिल नहीं आता इस कारण भूपेश सरकार ने 400 यूनिट तक बिजली हाफ़ योजना लागू की थी, जिससे जनता को महंगाई के मार से राहत मिल सके मगर भाजपा की साय सरकार ने पहले स्मार्ट मीटर के नाम पर बिजली बिल बढ़ाया । अब बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर गरीबों की महंगाई में कमर तोड़ने का काम किया है, आज वो सिर्फ 100 यूनिट तक ही छूट देने की बात कर रही है, जिला प्रवक्ता ने कहा कि वैसे भी आम जानता साय सरकार में महंगे पेट्रोल डीजल गैस सिलेंडर के साथ ही महंगे राशन और हर जगह जीएसटी से परेशान है, उसके ऊपर से बिजली बिल में 400 यूनिट तक हाफ योजना को बंद कर दुबले को दो आषाढ़ वाली बात कर रही है ।

**खबर संक्षेप**

## हिमांशु वर्मा बने प्राथमिक कृषि साख सहकारी अध्यक्ष



**पलारी।** भारतीय जनता पार्टी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा संडी मंडल अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित खरतोरा में पार्टी के ऊर्जावान, मिलनसार एवं निष्ठावान कार्यकर्ता हिमांशु वर्मा को प्राधिकृत अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। नव नियुक्त अध्यक्ष हिमांशु वर्मा ने अपनी नियुक्ति पर भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## आत्मानंद हिंदी स्कूल में नारी विमर्श कार्यक्रम

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद हिंदी शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में आस्था साहित्य समिति के तत्वावधान में मुंशी प्रेमचंद का साहित्य में नारी विमर्श कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आस्था साहित्य समिति के संरक्षक एवं सेवानिवृत्ति जिला शिक्षा अधिकारी एस चंद्रसेन रही। अध्यक्षता आस्था सहित समिति के अध्यक्ष आनंद तिवारी पौराणिक ने की। विशेष अतिथि डॉ साधना कसार सेवानिवृत्ति प्राचार्य, केआर चंद्राकर सेवानिवृत्त प्राचार्य, सरिता तिवारी सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक, एसआर बंजारे, सुरेंद्र अग्निहोत्री रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन सेवा स्वागत भाषण मुरलीधर पटेल व्याख्याता हिंदी ने दिया। साहित्यकार प्रेमचंद की जीवनी पर तोषण, महेंद्र, कमल, माधुरी, चित्र रेखा, रोशनी, मोनिका नेताम ने भाषण कविता प्रस्तुत किया। प्रमुख आकर्षण छात्राओं द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका बूढ़ी काकी रहा। जिसको स्नेहा, तानिया, रेशम, धारिणी, गौतमी एकांकी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अग्निहोत्री ने गोदान पर अपनी बात रखी। बंजारे ने स्वरचित रचना प्रस्तुत किया। पौराणिक ने नारियों के उत्थान पर अपनी बात प्रेमचंद की रचनाओं से तारतम्य किया। सरिता तिवारी ने सूर्यकांत त्रिपाठी की रचना प्रस्तुत किया। डॉ कसार ने हिंदी साहित्य पर किए अपने कार्यों का उल्लेख किया।

## सोरिद हाईस्कूल में हुई पालक बालक बैठक

**महासमुंद।** सोरिद हाईस्कूल में पालक बालक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समग्र शिक्षा एपीसी संपा बोस उपस्थित थी। पालकों ने अनेक सुझाव दिए। विषय शिक्षकों ने अपने अपने विषयों में बच्चों के स्तर सुधार पर चर्चा की। जर्जर भवन में कक्षा संचालित नहीं करने पर जोर दिया।। तत्पश्चात एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, पंचगण व नागरिक व पालक समूह सहित संकुल प्राचार्य सुखेंद्र द्विवेदी सहित व्याख्याता अंग्रेजी पूजा श्रीवास्तव, व्याख्याता गणित नेहा संगतानी, मंजू दीवान, मनीषा नंदेश्वर, विज्ञान सहायक प्रभारी प्रधान पाठक सोहन साहू, सीएच एलबिना, सीमा मानिकपुरी, शिक्षक तारकेश्वर साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

**पेज 11 के शेष**

## खाद्य व औषधि...

गया है। भाटापारा में मीना बाजार के फूड स्टॉल, फास्ट फूड सेंटर और मोमोज सेंटरों की जांच की गई। मोमोज में खाद्य रंगों का अत्यधिक मात्रा में उपयोग पाया गया, जिसके बाद सभी दुकानदारों को 100 मिलीग्राम प्रति किलोग्राम की अनुमत्य मात्रा में ही रंग का उपयोग करने की सख्त हिदायत दी गई।

**जागरूकता अभियान चलाकर ग्राहकों को भी किया गया जागरूक**- इस तीन दिवसीय 'बने खाबो, बने रहीबो' अभियान के तहत, खाद्य कारोबारियों और नगरवासियों को भी जागरूक किया गया। लोगों को चटख रंगों के खाद्य पदार्थों और मिठाइयों को खरीदने से बचने की सलाह दी गई। साथ ही, सोनपापड़ी में वनस्पति घी और चांदी वर्क की शुद्धता जांचने के तरीके भी बताए गए। पैकेज्ड मिठाइयों पर एफएसएसएआई लोगो, लाइसेंस नंबर और एक्सपायरी डेट की जांच करने के लिए भी लोगों को प्रेरित किया गया।

# नपाध्यक्ष ने कावड़ियों का किया स्वागत, स्वल्पाहार व पेयजल की करी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार

पुरानी बस्ती बोल बम कांवरिया यात्रा के लिए भक्तगणों के द्वारा कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा नगर पालिका के सामने कावड़ यात्रियों का स्वागत किया गया, व कावड़ यात्रियों को स्वल्पाहार कराते हुए पेयजल की व्यवस्था की गई।

भक्तगणों का व कांवर यात्रियों का स्वागत करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के ने कहा कि श्रावण मास के महीने में भगवान शंकर के भक्तगणों के द्वारा पूजा अर्चना करने यात्रा निकालना व शिव पर जल अर्पण पुण्य का कार्य होता है कहते हुए सभी शिव भक्तों को शुभकामनाएं दी गयी, भक्तों द्वारा

**बलौदाबाजार में निकाली गई बोल बम कावड़ यात्रा, भूतनाथ मंदिर में होगा जलार्पण**





### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले, पार्षद एवं सभापति हरजीत सिंह सलूजा, जितेंद्र डड़सेना, सतीश पटेल, आदित्य गुप्ता, शेखर गुप्ता, रोहित साहू, मनोज कांत पुरैना, गौतम चौहान, भा.ज.पा. नेता योगेश अग्रवाल, हरिश्चंद्र वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि सुभाष राव, रविन्द्र नामदेव, रवि फेकर,रवि साहू, मयूर जैन, मितेन्द्र जैन, सहित नगर पालिका के कर्मचारी व कार्यकर्ता व समर्थकगण उपस्थित थे।



पुरानी बस्ती से कावड़ यात्रा निकालकर स्थानीय भूतेश्वर नाथ मंदिर सोनपुरी में जल चढ़ाने यात्रा प्रारंभ की गई, जिसका नगर पालिका के सामने नगर पालिका अध्यक्ष व पार्षदगणों के द्वारा स्वागत किया गया।

### रक्तदान शिविर में युवाओं ने दिया मानव सेवा का परिचय

# मनवा कुर्मी समाज का तीज मिलन समारोह युवतियों व महिलाओं ने लिया सावन झूले का आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय महिला समाज और छात्रावास समिति तिल्दा राज के संयुक्त तत्वावधान में तीज मिलन, सावन झूला, आनंद मेला और सम्मान समारोह का भव्य आयोजन कुर्मी बोर्डिंग नेवरा तिल्दा में किया गया। महिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा की अगुवाई में हुए इस कार्यक्रम में समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

- 112 यूनिट रक्तदान किया गया

इस अवसर पर खोड़स कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि /"हम प्रदेश के उस अग्रणी मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की संतानें हैं, जिसकी गतिविधियों का अन्य जाति और वर्ग अनुसरण करते हैं।/" उन्होंने समाज की महिलाओं को अपनी शक्ति और क्षमता का उपयोग समाज, प्रदेश और राष्ट्र के विकास में करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राज प्रधान ठाकुर राम वर्मा ने अध्यक्षता की, जबकि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की उपाध्यक्ष चंद्रकांति वर्मा और राज्य महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा समेत कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत जाति गौरव गान और राजगीत से हुई।





### रक्तदान शिविर में युवाओं ने दिखाया उत्साह

विगत 13 वर्षों से मानव सेवा के क्षेत्र में सक्रिय छत्तीसगढ़ जीवन ज्योति रक्तदान समिति के मार्गदर्शन में एक विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। यह शिविर समिति के संस्थापक दिव्यात्मा गजाधर प्रसाद वर्मा की दसवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित हुआ। युवा राज अध्यक्ष दीपक वर्मा के नेतृत्व में शिवनाथ ब्लड बैंक के सहयोग से हुए इस शिविर में प्रदेश भर के युवा रक्तदाताओं ने 112 यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट परिचय दिया। रक्तदान करने वाले युवाओं को हेलमेट और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं और तीज उत्सव की रही धूम

कार्यक्रम में महिलाओं और युवतियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। तीज के मौके पर सजे झूले पर महिलाओं ने झूलकर सावन के गीत गाए। यह आयोजन न सिर्फ समाज के सदस्यों को एक-दूसरे से मिलने का मौका देता है, बल्कि सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक परंपराओं को भी मजबूत करता है। कार्यक्रम का कुशल संचालन राजमंत्री दौलत धुरंधर ने किया और उपराजप्रधान डॉ. के.के. वर्मा ने आभार प्रदर्शन किया।

# पेंशनर दिवस पर पेंशनधारी कल्याण संघ का होगा प्रांतीय सम्मेलन टेसूलाल धुरंधर बने संयोजक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा बलौदाबाजार कार्यालय में मंगलवार को बैठक आयोजित की गई जिसमें 17 दिसंबर 2025 को बलौदाबाजार में आयोजित होने वाले छत्तीसगढ़ स्तरीय पेंशनर दिवस को मनाने हेतु वृहद रूप में चर्चा की गई। पेंशनर दिवस पर बलौदाबाजार में छ.ग. पेंशनधारी कल्याण संघ का प्रांतीय सम्मेलन आयोजन हेतु टेसूलाल धुरंधर को संयोजक बनाया गया।

इस बैठक में बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा, पलारी के सभी पेंशनर साथी एवं जिला शाखा के पदाधिकारीगण सम्मिलित हुए। बैठक में संगठनात्मक चर्चा के साथ ही संघ के संरक्षक सोहन लाल यादव के निधन पर संघ के उपस्थित पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पश्चात उनके द्वारा प्राप्त मार्गदर्शन व सहयोग को भी याद किया गया।

**ये रहे उपस्थित**- बैठक में छत्तीसगढ़ पेंशन धारी कल्याण संघ जिला शाखा के अध्यक्ष प्रकाश जाधव, कोषा अध्यक्ष घनश्याम पटेल, संरक्षक जामवंत वर्मा, टेसूलाल धुरंधर, तहसील अध्यक्ष तारण सिंह ठाकुर, सचिव सोनचंद वर्मा, तहसील कोषाअध्यक्ष नारायण लाल चंद्राकर, राजेश्वर प्रसाद सेन, केशव राम साहू, सहसराम पाटकर, पुनीत राम वर्मा, खिलावन साहू, सुरेंद्र वर्मा, वेदराम वर्मा, विष्णु प्रसाद साहू, एम एल बंजारे, अनिल कुमार पटेल, हरे राम धुरव, रूप कुमार साहू, हरिराम जांगड़े समेत बड़ी संख्या में सदस्यगण उपस्थित थे।

# शिक्षकों की नियुक्ति और कर्मचारियों के मानदेय में बढ़ोतरी पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



शासकीय डी.के. महाविद्यालय में बुधवार को जन भागीदारी समिति की प्रथम बैठक अध्यक्ष डॉ. मोहनलाल वर्मा की अध्यक्षता में महाविद्यालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में छात्रों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अध्यापकों की कमी से प्रभावित शिक्षण कार्य को ध्यान में रखते हुए वनस्पति शास्त्र, प्राणीशास्त्र और भूगोल विषयों में एक-एक व्याख्याता की नियुक्ति की स्वीकृति दी गई। साथ ही पीजीडीसीए सहित विभिन्न शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक पदों पर कार्यरत कर्मचारियों के पारिश्रमिक में वृद्धि का निर्णय लिया गया।

छात्रों की मांग को देखते हुए माइग्रेशन प्रमाण पत्र के अभाव में प्रवेश देने का आदेश प्राचार्य और रजिस्ट्रार को दिया गया। कर्मचारियों के मानदेय में कार्यरत रहते हुए भी अनुपस्थिति बताकर की जा रही कटौती पर रोक लगाने का भी निर्देश दिया गया। इसके अलावा कम्प्यूटर कक्ष में एसी लगाने और भवन मरम्मत के प्रस्ताव को डीएमएफ निधि से स्वीकृति दिलाने के लिए जिलाधीश से शीघ्र मुलाकात करने का निर्णय लिया गया।

- डी.के. कॉलेज की जनभागीदारी समिति की बैठक में लिए गए अहम फैसले] माइग्रेशन न होने पर भी मिलेगा प्रवेश, डीएमएफ से भवन मरम्मत के लिए प्रस्ताव पास

**ये रहे उपस्थित**- बैठक में प्राचार्य व सचिव डॉ. जेम्स, एसएम पाध्ये, नरेश भट्टर, निशा शुक्ला, प्यारेलाल साहू, गंगाप्रसाद यदु, हेमंत श्रीवास्तव, कार्तिकेश बाघमार, शशिभूषण शुक्ला सहित प्रभारी प्राध्यापक अशोक उपाध्याय, प्रो. राजेश मिश्रा, सी.के. चन्द्रवंशी और डॉली शुक्ला मौजूद रहे।



## संगम दाल किसान कंपनी का हुआ उद्‌घाटन

**सिमगा** | आज बुधवार को सिमगा नगर में संगम दाल किसान प्रोड्यूसर कंपनी बनसांकरा द्वारा नया दुकान का संचालित किया गया। दुकान का उद्‌घाटन जनपद अध्यक्ष दौलत पाल एवं सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे के हाथो से रीबन काटकर किया गया। अपने उद्बोधन में जनपद अध्यक्ष ने डॉ. पाल कहा कि इस दुकान में राशन समाग्री सही दाम पर उपलब्ध रहेगा। उन्होंने अपने घर के लिए भी समान ख़रीदे। उक्त अवसर पर कुमारी ध्रुव अध्यक्ष, सचिव सुनीता सोनवानी, कोषाध्यक्ष संगीता धृतलहरे, तेजीन निषाद, तिलेश्वरी निर्मलकर, दुलेश्वरी साहू, सुलेखा धृतलहरे, छाया सोनवानी, अंजली मानिकपुरी, मधु जांगड़े, जितेंद्र यदु, तनूजा बघेल, विरेंद गहरे, भाजपा नेता पूरन कुर्रे सहित जनप्रतिनिधि एवं नागरिक मौजूद रहे।

# आयुष चिकित्सकों ने समस्याओं के समाधान के लिए सौंपा मांगपत्र

**बलौदाबाजार।** आयुर्वेद अधिकारी संघ छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में जिले के आयुष चिकित्सकों का एक दिवसीय संवाद कार्यक्रम बलौदाबाजार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान धनवंतरी की पूजा-अर्चना और वंदना के साथ की गई। इस अवसर पर प्रदेश भर से आए पदाधिकारियों और स्थानीय चिकित्सकों ने अपनी समस्याओं को सामने रखा और उनके समाधान के लिए एक मांगपत्र तैयार कर प्रशासन को सौंपा।

इस संवाद कार्यक्रम में प्रांताध्यक्ष डॉ. गदाधर पंडा, संरक्षक डॉ. परस शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. कोमल डोटे और डॉ. प्रशांत कश्यप जैसे वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। चिकित्सकों ने प्रमुख रूप से 30 बिस्तर वाले अस्पताल, प्रत्येक ब्लॉक में आयुर्वेदिक औषधालय की स्थापना, 'आयुष दीप' राशि को 25,000 से बढ़ाकर 1 लाख करने, दवाइयों की आपूर्ति बढ़ाने, हर औषधालय में कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति और संविदा पर कार्यरत चिकित्सकों व कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने जैसी मांगें रखीं।



**आयुष चिकित्सा को बढ़ावा देने की मांग**-इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आयुष चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देना और उससे जुड़ी समस्याओं को सामने लाना था। चिकित्सकों का मानना है कि आयुष चिकित्सा को पर्याप्त संसाधन और सुविधाएं मिलने से यह लोगों के स्वास्थ्य में और भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। अंत में, जिला अध्यक्ष डॉ. एल.एस. ध्रुव ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

**स्थानांतरित चिकित्सकों का सम्मान**-इस अवसर पर स्थानांतरित हुए चिकित्सकों डॉ. संदीप राम, डॉ. माधवी कुशवाहा और डॉ. उत्तरा खंडेल को मोमेंटो और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. एल.एस. ध्रुव, ममता मिश्रा, डॉ. रजनी ध्रुव सहित जिले के बड़ी संख्या में आयुष चिकित्सक उपस्थित थे। प्रांताध्यक्ष डॉ. गदाधर पंडा और संरक्षक डॉ. परस शर्मा ने इन सभी मांगों को सहानुभूतिपूर्वक शासन के समक्ष रखने का आश्वासन दिया है।

# रेलवे स्टेशन पर किया नि:शुल्क भोजन का वितरण



- आदिनाथ मंदिर कमेटी जैन समाज भाटापारा के द्वारा रेलवे स्टेशन में निशुल्क पूरी सब्जी पुलाव का वितरण

**भाटापारा।** श्री आदिनाथ मंदिर कमेटी भाटापारा सकल जैन समाज भाटापारा एवं मोदी परिवार के द्वारा राष्ट्र संत मुनि श्री 108 चिन्मय सागर जी महाराज जंगल वाले बाबा के जन्म दिवस के पावन अवसर पर हजारों की संख्या में सभी भाई बहनों को बच्चों को निशुल्क पूड़ी सब्जी एवं पुलाव का वितरण भाटापारा स्टेशन प्रांगण में किया गया। जिसमें सभी भक्तों ने प्रसाद का लाभ लिया एवं जंगल वाले बाबा चिन्मय सागर जी महाराज का स्मरण कर उनका जयकारा लगाया ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संदीप जैन ,नितिन जैन, अनुराग जैन ,पीयूष जैन अध्यक्ष जैन समाज , विनोद मोदी, अरिंजय मोदी, अक्षत मोदी,प्रकाश मोदी ,संजय जैन, अजय जैन अज्जू ,रियान मोदी, अनीशा मोदी, सुनील यादव, संजय महाराज ,राकेश ध्रुव आदि उपस्थित थे।



# मां की स्मृति में न्यौता भोज

**सिमगा** | मां सिर्फ एक शब्द नहीं, संपूर्ण जीवन की प्रेरणा होती हैं। इसी भावना के साथ पूर्व पार्षद सुनीता यादव ने अपनी स्वर्गीय माता रंभा देवी यादव की स्मृति में प्राथमिक शाला सिमगा में एक सादगीपूर्ण न्यौता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों ने भावभीनी उपस्थिति दर्ज की। भोजन से पूर्व सभी ने प्रार्थना कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। यादव ने उक्त मौके पर कहा कि उनकी मां जीवन भर शिक्षा, सेवा और संस्कार की पक्षधर रहीं। इसलिए उनका स्मरण विद्यालय परिसर में करना सबसे उचित प्रतीत हुआ। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, पूर्व पार्षद दशरथ चंद्राकर सहित शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। भोजन में सादा, स्वादिष्ट एवं शुद्ध व्यंजन परोसे गए। आयोजन में सादगी, श्रद्धा और अपनापन स्पष्ट झलक रहा था।

# 550 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**खरोरा** | संकुल केन्द्र मोहरेंगा के अंतर्गत शा प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहरेंगा मे भारत सरकार की परिकल्पना अनुसार एक पेड़ माँ के नाम और रायपुर जिला के जिलाधीश डॉ गौरव कुमार सिंग की महत्वाकांक्षी योजना हरिहर पाठशाला के तहत दिनाँक 04/08/2025 को संकुल स्तरीय वृहत वृक्षारोपण किया गया । अभियान के तहत संकुल के समस्त शालाओं में वृक्षारोपण संकुल प्राचार्य अरविंद केरकेट्टा और संकुल समन्वयक नेमचंद धीवर के मार्गदर्शन में किया गया । जिसमे संकुल को मिले लक्ष्य के अनुसार 550 पौधों का रोपण किया गया, जिसमें विभिन्न प्रजातियों जैसे आम, नीम, आंवला, मुनगा , सीताफल, पपीता और मीठा नीम आदि पौधों का रोपण किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने मे संकुल के सभी शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, शिक्षकों, समस्त शालाओं के बच्चों एवं गांव के नागरिकगणों का अमूल्य योगदान रहा ।



## खबर संक्षेप

### रामसागर में हुआ नेवता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** विकासखंड महासमुंद के शासकीय शासकीय प्राथमिक शाला रामसागर (संकुल पटेवा) में पदस्थ शिक्षक कोमल दीवान के पत्नी अंजू दीवान के जन्मदिन अवसर पर विद्यालय में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा व विशिष्ट अतिथि संकुल समन्वयक राजू देवांगन साहू उपस्थित रहे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए न्योता भोजन के बारे में कहा कि छत्तीसगढ़ की स्कूलों में प्रधानमंत्री कौशल शक्ति योजना के अंतर्गत सभी स्कूलों में न्योता भोजन योजना लागू करने का शासन द्वारा निर्णय लिया गया है। न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है।

### आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए होगा 4 टेस्ट सीरीज, पहला 17 को

**महासमुंद।** नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय महासमुंद में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी प्रत्येक भर्ती परीक्षा के पूर्व प्रारंभ से ही मेगा टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में आगामी आरक्षक भर्ती परीक्षा 14 सितंबर 2025 को होनी है। आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए 04 मेगा टेस्ट सीरीज नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय महासमुंद द्वारा लिया जाएगा। जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी रवि साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए 04 टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाएगा। जारी विज्ञप्ति में जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी डी बसंत साव ने बताया कि आरक्षक भर्ती परीक्षा 2025 को ध्यान में रखते हुए टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए 04 टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। आरक्षक भर्ती परीक्षा के 04 टेस्ट सीरीज क्रमशः 17 अगस्त रविवार को पेपर -1 संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -01, 24 अगस्त रविवार को पेपर -2, 31 अगस्त रविवार को पेपर -3, एवं 07 सितंबर रविवार को पेपर-4 संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -04 का आयोजन किया जाएगा।

### स्वतंत्रता दिवस पर शुष्क दिवस घोषित

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए शुक्रवार 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिसके फलस्वरूप कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने उक्त शुष्क दिवस में जिले की समस्त देशी, विदेशी, कंपोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, एफ.एल. 3 सपना बार एण्ड रेस्टोरेंट, देशी मदिरा भंडारण भांडागार महासमुंद तथा देशी, विदेशी, कंपोजिट आहातों को बंद रखने आदेशित किया है। उक्त दिवस में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

### वार्ड पार्षद चंद्रशेखर का हुआ सम्मान

**महासमुंद।** नगर पालिका परिषद महासमुंद द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 25 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा पत्र प्रदान किए गए। इन हितग्राहियों में से सर्वाधिक 17 लाभार्थी वार्ड क्रमांक 22 के रहे। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद चंद्रशेखर बेलदार के उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। बेलदार द्वारा वार्डवासियों के हित में लगातार सक्रियता से कार्य कर प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति एवं भवन अनुज्ञा पत्र दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। उनके इस सेवाभाव एवं जनकल्याणकारी प्रयासों की सराहना करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, नगरपालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू एवं उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने चंद्रशेखर बेलदार का शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया।

# मुख्य मार्ग से हटाया गया बेजा कब्जा, आवागमन हुआ सुगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

नगर पंचायत भटगांव के बस स्टैंड और बस्ती जाने वाले मुख्य मार्ग पर बढ़ते अवैध कब्जे को हटाने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे और मुख्य नगर पंचायत अधिकारी (सीएमओ) भूपेश सिंह ने कार्रवाई की। दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के सामने सड़क तक सामान फैला देने और ग्राहकों की गाड़ियों के सड़क पर खड़े होने से यातायात बाधित हो रहा था, जिससे आम लोगों को भारी असुविधा हो रही थी। इस समस्या को देखते हुए, नगर पंचायत ने बस स्टैंड के पास और बस्ती जाने वाले मार्ग के दुकानदारों को नोटिस जारी कर अवैध रूप से रखा गया सामान हटाने का निर्देश दिया। इससे पहले भी दुकानदारों को नोटिस भेजे गए थे, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ था।

## दुकानदारों द्वारा सड़क पर रखे सामान को हटाया गया

### ट्रैफिक की समस्या से मिली राहत

सीएमओ भूपेश सिंह ने बताया कि बस स्टैंड पर आगे बढ़कर दुकान लगाने वाले सभी ठेले और दुकानदारों को हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे वहां अक्सर लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या खत्म हो गई है। फिलहाल, बस स्टैंड पर किसी को भी दुकान लगाने की अनुमति नहीं है।



### 7 दिन में टीन शेड हटाने का निर्देश

राखी और मिठाई की दुकानों के लिए नगर पंचायत ने अलग से जगह उपलब्ध कराई है। इसके अलावा, सीएमओ ने पुरानी हटरी जाने वाले मार्ग पर दोनों तरफ टीन शेड लगाकर कब्जा करने वाले दुकानदारों को सात दिनों का समय दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि अगर तय समय में अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो नगर पंचायत खुद कार्रवाई करके उसे हटा देगी।

## मानसून के बाद भी अधूरा है काम, छोटे पौधों और अनियमितताओं पर उठे सवाल

# 25 लाख के औषधीय पौधरोपण में अनियमितता नियमों को ताक पर रखकर हो रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

उपवनमंडल कसडोल अंतर्गत वन परिक्षेत्र सोनाखान द्वारा असिंचित औषधि वृक्षारोपण का कार्य कक्ष क्रमांक 180 उपचारित रकबा तकरीबन 125 हेक्टेयर में 50 हजार पौधों का रोपण भरका में किया जा रहा है। जिसमें विभाग द्वारा गभीर लापरवाही की जा रही है।

- अधिकारियों ने साधी चुप्पी, प्रशिक्षु रेंजर ने झाड़ा पल्ला, जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग

आपको बता दे कि यहाँ वन विभाग द्वारा औषधि वृक्षारोपण कार्य को मानसून के प्रारंभ में ही करना चाहिए था जिसमें जुलाई में यह कार्य समाप्त हो जाना चाहिए था साथ ही अभी निंदाई का कार्य प्रारंभ हो जाना था लेकिन विभाग द्वारा लेटलतीफी कर अभी तक पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है, सूत्रों की मानें तो विभाग द्वारा लेटलतीफी कर 13 से 14 जुलाई से ही औषधि वृक्षारोपण कार्य प्रारंभ किया और आज 6 अगस्त बीतने वाला है लेकिन यहाँ अभी भी पूरा कार्य नही हो सका है। इधर विभाग द्वारा यहाँ जो पौधे लगाए जा रहे हैं उनमें कई पौधों की लम्बाई तकरीबन 2 से 3 फिट हैं सबकी शासन के नियमानुसार औषधि पौधरोपण पर 4 फिट का पौधों का रोपण करना है। लेकिन यहाँ विभाग द्वारा चंद पौधों को छोड़कर सभी पौधा 1 से 2 फिट तक बस रोपण किया जा रहा हैं।



### खाद में की जा रही कमियां

मीडिया की टीम ने जब मौके पर पहुँचकर पूरे पौधों पर नजर दौड़ाया तो विभाग द्वारा यहाँ कम खाद का उपयोग कर पौधा लगाया जा रहा था जिसमें कई पौधों की स्थिति लगाने के दौरान ही झुक जा रही थी इसके अलावा विभाग के द्वारा गंभीर संवेदनशील वनमंडलाधिकारी को भी अंधेरे में रखकर पौधा का रोपण जा रही है। यहाँ पौधा तो रोपण किया जा रहा है लेकिन पौधों को किसी तरह का ध्यान नही दिया जा रहा है इससे कई पौधा झुककर मर भी गया है।

### ट्रेनिंग के बावजूद नही है जानकारी

*सोनाखान रेंज अन्तर्गत ग्राम भरका में विभाग द्वारा पौधारोपण पर बीट प्रभारी को भी सही जानकारी नही है, जबकि बीट प्रभारियों को विभाग द्वारा लाखों खर्च कर ट्रेनिंग के साथ अन्य माध्यमों से पौधारोपण की जानकारी दिया जाता है, बावजूद यहाँ के प्रभारी को किसी तरह की जानकारी नहीं है।*

### औषधीय पौधों की जगह अन्य पौधों का रोपण

*जानकारी के अनुसार तकरीबन 25 लाख की लागत से विभाग द्वारा असिंचित औषधि वृक्षारोपण का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें सूत्रों की माने तो विभाग द्वारा औषधि पौधों के अलावा यहाँ नियम विरुद्ध शिशु, पेलटाफॉर्म सहित बादाम का पौधा रोपण किया जा रहा है। जबकि शासन के निर्देशानुसार यहाँ औषधि पौधों का ही रोपण किया जाना है।*

### मेरे पास जानकारी नहीं

*लागत को तो नहीं बता पाऊंगा, मैडम के पास प्रोजेक्ट हैं, प्रशिक्षु रेंजर आई हैं, उसके पास जानकारी हैं, कब तक लग जाना है, ये जानकारी मैडम बता पाएंगी मेरे को कोई जानकारी नहीं है।*

**युधिष्ठिर डडसेना**, बीट प्रभारी

*मै तो अभी प्रभार ली हूँ, स्टार्टिंग से सुनीत साहू जी देख रहें हैं उनसे बात कर लीजिए वही जानकारी बता पाएंगे।*

**आस्था यादव**, प्रशिक्षु आरआफवो, सोनाखान

### ऑफिस से मिलेगा डाटा

*गिनती चल रहा है, लंबा पौधा है, विभागीय मद से कार्य हो रहा है 2025 वर्षा ऋतु में लगना है, 5 साल का परियोजना है, पौधा उपलब्ध है पौधा कहाँ से आ रहा है, यह सब फैक्टर बहुत मायने रखता है, विभागीय समस्याओं को नहीं समझोगे तो काम नहीं बन पाएगा। यहाँ औषधि पौधा लगेगा। जिसमें आंवला, हर्रा, बहरा, करंज, नीम, सतावर और हल्दी भी लग सकता है।*

**सुनीत साहू**, वन परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान

### अभी रिलीफ नहीं

*15 अगस्त तक पौधों का रोपण किया जा सकता है। सोनाखान के रेंजर का ट्रांसफर हो गया है लेकिन विभाग के पास 10 दिनों तक समय होता है। इसलिए अभी रिलीफ नही किया गया है।*

**गणवीर धम्मशील**, वनमंडलाधिकारी, बलौदाबाजार

# विहिप द्वारा आयोजित अमरनाथ यात्रा सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित साहसिक बूढ़ा अमरनाथ यात्रा जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले स्थित बाबा चट्टानी बूढ़ा अमरनाथ धाम में सम्पन्न हुई। इस यात्रा में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बलौदाबाजार जिले से आरती सराफ, सुशील सराफ और मीना साहू को इस यात्रा का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। पूरी फोर्स और सुरक्षाबलों की तैनाती के कारण यात्रा शांतिपूर्ण और सफल रही। श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्हें किसी भी प्रकार का डर या असुविधा महसूस नहीं हुई और हर जगह व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं।



# भाजपा मंडल कसडोल की मासिक बैठक में संगठन को मजबूत करने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

भारतीय जनता पार्टी मंडल कसडोल की मासिक बैठक बीते दिवस शक्ति केंद्र अर्जुनी के महामाया मंदिर में आयोजित हुई। इस बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का संचालन मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में 'हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा' अभियान पर विशेष जोर दिया गया। मंडल अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से अपने घरों पर तिरंगा लगाने और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर ग्रुप में डालने की अपील की। इसके साथ ही, 15 अगस्त को मंडल कार्यालय कसडोल में ध्वजारोहण कार्यक्रम की भी जानकारी दी गई। बैठक में केंद्र और राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी चर्चा हुई और कार्यकर्ताओं से इन योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

**कौन-कौन थे बैठक में शामिल?**

इस महत्वपूर्ण बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष मेलाराम साहू, मंडल महामंत्री अनिल श्रीवास, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, जिला प्रतिनिधि दिलहरण जायसवाल, उपाध्यक्ष चन्द्रिका पटेल, किसान मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, मंडल मंत्री मानसिंग ध्रुव, मंडल कोषाध्यक्ष गुनीराम साहू, कार्यालय प्रभारी गोपाल साहू, नगर पंचायत सभापति रामा धीवर, मानसिंह निर्मलकर, संतोष कर्ष, किसान मोर्चा अध्यक्ष फनिदेव पटेल, बोरसी सरपंच प्रतिनिधि धर्मेंद्र पैकरा, सोसाइटी अध्यक्ष उभेराम चौहान, वरिष्ठ कार्यकर्ता अघोरीराम साहू और राजेश थवाइत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जनभागीदारी समिति की बैठक में कई विषयों पर चर्चा कर पास किए गए प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

दौलतराम शर्मा शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय कसडोल में जनभागीदारी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जनभागीदारी अध्यक्ष पुनेश्वर नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में शिक्षा सत्र 2025-26 से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई और कई प्रस्ताव पास किए गए।

- शिक्षा सत्र 2025-26 के विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

बैठक में महाविद्यालय के चारों ओर बजरी और गिट्टी बिछाने, कम छात्र संख्या वाले विषयों को स्ववित्तपोषित करने, महाविद्यालय की साफ-सफाई और मरम्मत, तथा शुल्क और कैंटीन जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया। सबसे खास बात यह रही कि महाविद्यालय के जर्जर हो रहे भवन की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर से निरीक्षण कराने का प्रस्ताव भी पास किया गया। बैठक के बाद सभी सदस्यों ने कॉलेज के भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस बैठक में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पुनेश्वर नाथ मिश्रा के अलावा विधायक प्रतिनिधि सुयश तिवारी, सांसद प्रतिनिधि दीनदयाल यादव, साहेबलाल साहू, भूपेंद्र पांडेय, जयलाल मिश्रा, पुनीराम साहू, नरेंद्र डड़सेना, कौशलदास मानिकपुरी, जगमोहन पैकरा, राघवेंद्र राव पवार और पुष्पेंद्र साहू जैसे सदस्य उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.आर. साहू ने सचिव के रूप में बैठक में भाग लिया। वहीं प्राध्यापक वर्ग से जनभागीदारी समिति के प्रभारी श्री बर्मन और श्री पटेल भी मौजूद रहे।





### जनभागीदारी समिति का महत्व

जनभागीदारी समिति का गठन महाविद्यालय के विकास और प्रबंधन से संबंधित कार्यों के लिए किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य कॉलेज के समग्र विकास के लिए योजनाएं बनाना और उन्हें लागू करना है। इस समिति के माध्यम से स्थानीय जनप्रतिनिधि और समाज के सदस्य मिलकर कॉलेज की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में सहयोग करते हैं।

# रिश्वतखोरी व अनियमितता पर बड़ी कार्रवाई, कुकदा का रोजगार सहायक बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत अनियमितता, लापरवाही और स्वेच्छाचारिता के आरोप में ग्राम रोजगार सहायक राजेंद्र सिंह मार्कण्डेय को पद से बर्खास्त कर दिया गया है। यह कार्रवाई लंबे समय से ग्रामीणों द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों और शिकायतों के बाद हुई। जारी आदेश के अनुसार, विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत कुकदा में पदस्थ रोजगार सहायक राजेंद्र सिंह मार्कण्डेय ने अपने पदीय दायित्वों का घोर उल्लंघन किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों में मनमानी और पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने को लोकहित के विपरीत मानते हुए, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पलारी ने उनकी संविदा सेवा सिविल सेवा संविदा नियुक्ति नियम 2012 की कंडिका 11(5) के तहत एक माह के वेतन के साथ समाप्त कर दी।

- प्रधानमंत्री आवास योजना में मनमानी का आरोप साबित

### रिश्वत मांगने और अपात्रों को लाभ दिलाने का आरोप

गौरतलब है कि ग्राम कुकदा के ग्रामीणों ने पूर्व में रोजगार सहायक पर प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे के लिए रिश्वत मांगने, पात्र हितग्राहियों को वंचित करने और अपात्र व परिजनों को लाभ दिलाने के गंभीर आरोप लगाए थे। प्रेस वार्ता कर ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि रोजगार सहायक ने उनसे सर्वे के एवज में 5 हजार रुपये रिश्वत मांगी थी, तथा राशि नहीं देने पर सर्वे से मना कर दिया। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजना से वंचित कर अपने पिता, चाचा, भाई, जीजा समेत रिश्तेदारों के नाम फर्जी तरीके से लाभ दिलाने और एक वायरल ऑडियो के माध्यम से रिश्वत वसूली के आरोप भी लगाए गए थे।

### जांच में देरी पर भी उठे थे सवाल

ग्रामीणों ने यह भी बताया था कि पूर्व में शिकायत करने के बावजूद जांच लंबित रही, जिससे प्रशासन पर जांच को दबाने का आरोप लगा। अब सीईओ जनपद पंचायत पलारी की इस कार्रवाई के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है और उम्मीद जताई है कि भविष्य में वास्तविक पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल सकेगा तथा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा।

## 2 किलोवाट पर 90 हजार व 3 किलोवाट पर 1.08 लाख तक की सब्सिडी

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना पर हुई कार्यशाला, 21 अधिकारियों-कर्मचारियों ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार और जागरूकता के लिए 6 अगस्त को बलौदाबाजार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में अधिकारियों, कर्मचारियों और आम उपभोक्ताओं को योजना के फायदे, पात्रता, सब्सिडी और ऑनलाइन पंजीकरण की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में गैर-परंपरागत ऊर्जा स्त्रोत के रूप में सौर ऊर्जा को अपनाने के लाभ भी बताए गए। इस दौरान संभाग के 21 अधिकारियों और कर्मचारियों ने मौके पर ही योजना का पंजीकरण कराया, जिनमें जी.पी. अनंत, गायत्री गावड़े, एम.एल. साहू, आदित्य ठाकुर सहित कई अन्य शामिल थे। यह तय किया गया कि अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ दिलाने के लिए नियमित रूप से ऐसे शिविर और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

- गैर-परंपरागत ऊर्जा को अपनाने पर जोर
- पुनरीक्षित हाफ बिजली बिल योजना से 2.25 लाख उपभोक्ताओं को राहत



### सब्सिडी और बिजली उत्पादन का लाभ

इस योजना के तहत 2 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा प्लांट पर 90,000 (केंद्र से 60,000 और राज्य से 30,000) और 3 किलोवाट क्षमता के प्लांट पर 1.08 लाख तक की सब्सिडी दी जाती है। इन प्लांटों से प्रतिमाह औसतन 240 से 360 यूनिट तक बिजली का उत्पादन संभव है, जिससे उपभोक्ताओं को लंबे समय तक मुफ्त बिजली मिल सकेगी। बलौदाबाजार क्षेत्र में पहले से ही 131 परिवार इस योजना का लाभ उठा रहे हैं।

### हाफ बिजली बिल योजना में संशोधन

*इसी क्रम में, राज्य सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए हाफ बिजली बिल योजना में बदलाव किया है। अब 100 यूनिट तक की मासिक खपत पर 50% की छूट मिलेगी। इस संशोधित योजना से जिले के करीब 2.25 लाख उपभोक्ताओं को फायदा होगा। इनमें 1.32 लाख बीपीएल और सामान्य परिवार भी शामिल हैं, जिन्हें पहले की तरह 30 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलती रहेगी। इन योजनाओं के माध्यम से सरकार का लक्ष्य उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत के साथ-साथ ऊर्जा आत्मनिर्भरता और हरित ऊर्जा की ओर प्रेरित करना है।*

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that i, ALPANA BENJAMIN w/o GULSHAN KUMAR resident of BHAISBOD PAUHA DIST DURG 491221 (C.G) have changed my old name ALPANA BENJAMIN w/o GULSHAN KUMAR so in future i should be revognized by my new name that is ALPANA CHANDRAKAR w/o GULSHAN KUMAR in all government and other documents.

ALPANA CHANDRAKAR
BHAISBOD PAUHA
DURG - 491221 (C.G)

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
01 अगस्त 2025 SHOW TIME
सन ऑफ सरदार - 02
शो समय - 12,3,6,9 बजे
महा अवतार नरसिम्हा
शो समय 12:00, 3:00 बजे
सैयारा
शो समय - 6:00, 9:00 बजे
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### रक्षाबंधन की तैयारी जोरों पर, बाजारों में उमड़ी भीड़



**सुहेला** | राखियाँ बाजारों में सज चुकी हैं और लोग इन्हें खरीदने के लिए भारी संख्या में उमड़ रहे हैं। आपको बता दें कि प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष रक्षाबंधन का महापर्व शनिवार को मनाया जाएगा। इसको लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बाजारों में राखियों और मिठाइयों की दुकानों पर भीड़ लगी हुई है। रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व है। इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और भाई अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हैं। यह पर्व हर वर्ष सावन पूर्णिमा को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस बार भी रक्षाबंधन को धूमधाम से मनाने की तैयारियां जोरों पर हैं।

### गढ़सिवनी में मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम गढ़सिवनी में एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर तुमगांव थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को महेश्वर निवासी ग्राम गढ़सिवनी ने बताया कि 5 अगस्त की शाम को दशगात्र कार्यक्रम में खाना खाने गया था, जहां उसके बड़े पापा बेदराम साहू एवं कृष्ण कुमार साहू के बीच खाना खाने की बात को लेकर विवाद हो रहा। जिन्हें उसने समझाया और बाजार चौक चला गया। रात्रि करीब 8.30 बजे गणेशू साहू, मोनू साहू, हिमांशु साहू, प्रवीण साहू एक साथ आये और हमारे परिवार के साथ गाली गलौज किये हो कहकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगे। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### टहलने निकले युवक से मारपीट

**महासमुंद**। शाम को टहलने निकले एक युवक के साथ मारपीट के मामले में पिथौरा थाने में आरोपी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड 15 बागड़पारा निवासी नितेश शर्मा 3 अगस्त की शाम को टहलने के लिये निकला था, शाम करीब 6 बजे संगवारी ढाबा के सामने ग्राम जंघोरा के पास पहुंचा था।

## निधन

### अभय जैन



बलौदाबाजार | अभय जैन (भक्कू) पिता स्वर्गीय महावीर प्रसाद छाबड़ा बलौदाबाजार निवासी का दिनांक 6/8/2025 दिन बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका अन्तिम संस्कार बुधवार शाम को बलौदाबाजार स्थित रायपुर रोड मुक्तिधाम में किया गया | वे संजय जैन, अजय जैन के छोटे भाई थे।

### भागा बाई साहु



**भाटापारा**। सुभाष वार्ड निवासी श्रीमती भागा बाई साहु पति स्व.भाऊ राम साहू का आज सुबह आकस्मिक निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय रावण भाठा स्थित मुक्ति धाम में किया गया। वे सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ हरिकिशन साव की माता व कमल नारायण, महेश साहु की भाभी थी। इनके अंतिम संस्कार में नगर व समाज के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# छपोरा में हुआ संयुक्त पालक-शिक्षक सम्मेलन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर

## जाति प्रमाण पत्र बनवाने, बैंक खाते को आधार से लिंक करने जैसे मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

अलग खबर

मुख्यालय बिलाईगढ़ के समीप प्राथमिक शाला छपोरा के सलंनीकरण के पश्चात संयुक्त रूप से प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला छपोरा में 6 अगस्त को प्रथम बार संयुक्त रूप से पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें शासन के निर्देशानुसार विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वप्रथम बच्चों की जाति प्रमाण पत्र की जानकारी उपलब्धि पर चर्चा किया गया। जिसमें जिन-जिन बच्चों की जाति प्रमाण पत्र नहीं बना है, उसे तत्काल बनाया जाए। साथ ही साथ बैंक की पासबुक में आधार कार्ड और मोबाइल नंबर को लिंक करने की जानकारी प्रदान किया गया। शाला के बहुत से बच्चों की पुस्तक की कमी और नए पाठ्यक्रम की जानकारी उपलब्ध कराई गई। शाला के बाहर बच्चे की दैनिक गतिविधि पर नज़र रखने, शाला में दिए जाने वाले गृह कार्य को बच्चे घर में करते हैं कि नहीं, प्रतिदिवस बच्चे को शाला भेजना, शाला की साफ सफाई पर सभी सहयोग करना, मध्यान्ह भोजन में सुधार करना, टाइम टेबल के आधार पर शिक्षक पढ़ाई के कार्य को पूरा करना जैसे आदि विषयों पर चर्चा किया गया तथा शाला प्रबंधन एवं एवं विकास समिति की गठन किया गया। अध्यक्ष सर्वसम्मति से दिगम्बर हिरवानी को बनाया गया।



### ये रहे उपस्थित

आज की इस सम्मेलन में प्रमुख रूप से बुद्धेश्वर प्रसाद देवांगन, नंद कुमार पटेल, यादराम हिरवानी, जयमाला उपाध्याय, रमा देवी महिलांगे, कौशिक मेम, गणेश निराला, भगवती हिरवानी, मनोज कुमार निराला, व्यसनारायण निराला, गंगोत्री हिरवानी, पीलाबाई हिरवानी, गंगा हिरवानी, मोतीबाई हिरवानी, बुंदेलाबाई हिरवानी, नानबाई हिरवानी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## आयोजन : पलारी में आयोजित हुआ भावनात्मक कार्यक्रम, पत्रकारों की सेवा भावना का किया सम्मान

# ब्रह्माकुमारी बहनों ने पत्रकारों को बांधी राखी, दिया स्नेह और सद्भावना का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, पलारी केंद्र में एक भावनात्मक और आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ब्रह्माकुमारी बहनों ने पलारी प्रेस क्लब के पत्रकारों को राखी बांधकर स्नेह, सेवा और सुरक्षा का संदेश दिया।

- हम सब आत्मिक रूप से भाई-बहन हैं, यह बंधन आत्म-बल से मजबूत हो : बीके भगवंतीन

इस विशेष आयोजन का उद्देश्य न केवल भाई-बहन के रिश्ते को सम्मानित करना था, बल्कि पत्रकारों के प्रति आभार, सम्मान और आत्मिक संबंधों की अनुभूति भी कराना था। ब्रह्माकुमारी भगवंतीन (सेंटर इंचार्ज) ने कहा पत्रकार समाज का आईना होते हैं, जो दिन-रात सत्य और सेवा के पथ पर चलकर जन-जागरूकता का कार्य करते हैं। उन्हें राखी बांधकर यह संदेश देना हमारा उद्देश्य है कि हम सब आत्मिक रूप से भाई-बहन हैं, और इस बंधन को आत्म-बल, शांति और प्रेम से मजबूत बनाना ही सच्चा रक्षाबंधन है। ब्रम्हकुमारी हर्षा राखी केवल एक धागा नहीं, बल्कि आत्मा की पवित्रता, सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक है। पत्रकार निःस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करते हैं और उन्हें यह रक्षा सूत्र बांधना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।



### ये रहे उपस्थित

*कार्यक्रम में प्रेस क्लब संरक्षक शेखर वर्मा, उपाध्यक्ष केशव साहू, यमलोक साहू, महेश ढीढी, नीलकमल आजाद, हेमकुमार, मुकेश झा, पनमेश्वर साहू, मिलेश यादव, संजू साहू, डोमार साहू सहित पत्रकारों ने भाग लिया।*

### राखी मेकिंग प्रतियोगिता में छात्रों की रचनात्मकता ने बटोरी वाहवाही

**गोपालपुर** । डी.ए.वी. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, खम्हरिया में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय की चारों हाउस एवरेस्ट, नीलगिरी, हिमालय और अरावली के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अंतराम साहू (सरपंच, खम्हरिया) एवं पुरुषोत्तम बघेल (आर.एच.ओ.) उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों की कला और रचनात्मकता की सराहना करते हुए निष्पक्ष रूप से निर्णय लिया। जिसमे प्रथम स्थान – एवरेस्ट हाउस द्वितीय स्थान – अरावली हाउस को मिला। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान कर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल ने बच्चों द्वारा बनाई गई राखियों की कलात्मकता, स्वदेशी सामग्री के प्रयोग और सांस्कृतिक भावनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि "इन बच्चों की रचनात्मकता भारतीय संस्कृति को मजबूती देती है और यह विद्यालय स्तर पर इस तरह के आयोजनों से बच्चों में कला, संस्कृति और भाईचारे की भावना का विकास होता है।" विद्यालय प्राचार्य, निर्णायकगण एवं समस्त स्टाफ ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





# मेगा पालक-शिक्षक बैठक बच्चों के भविष्य पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

संकुल केन्द्र रोहिना के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का पालक शिक्षक मेगा बैठक संकुल स्तरीय बैठक शास प्राथमिक शाला धोबनी डीह में आयोजित किया गया जिसमें विपीन पटेल (आबकारी निरीक्षक बिलाईगढ़ एवं गौरीशंकर कर्ष संकुल समन्वयक रोहिना के द्वारा मां सरस्वती की छाया चित्र पर पूजा किया गया।

श्री राम दुलार निराला प्रधान पाठक द्वारा सात बिन्दु पर चर्चा किया गया, जिसमें संकुल अन्तर्गत शासकीय प्राथमिक शाला रोहिना, शासकीय प्राथमिक शाला हरदी, शासकीय प्राथमिक शाला पिपरभवाना (ते), मधुबनखुर्द, धोबनीडीह, शासकीय पूर्व माध्यमिक रोहिना, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिपरा भावना (ते) के पालक, शिक्षक,जनप्रतिनिधि तथा शिक्षा विद उपस्थिति हुए।

**पोषण, स्वास्थ्य, अकादमिक प्रगति, छात्र दिनचर्या आदि मुद्दों पर चर्चा** - पालक शिक्षक मेगा बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। पालक शिक्षक मेगा बैठक से पढ़ाई के प्रति एक सकारात्मक माहौल तैयार करना और इसके साथ ही पालक अपने बच्चे की पढ़ाई में प्रगति के प्रति जागरूक हो सके इस उद्देश्य विपीन पटेल द्वारा बताया गया। गौरीशंकर कर्ष संकुल समन्वयक द्वारा सभी आभार व्यक्त किया गया तथा बैठक सम्पन्न हुई।

## भाटापारा में 7 दिनों तक गूंजेगा राम का नाम

# 87वां अखंड रामनाम सप्ताह 10 अगस्त से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बनने जा रहा है, क्योंकि इस वर्ष 10 अगस्त, रविवार से 87वां अखंड रामनाम सप्ताह समारोह शुरू होने जा रहा है। यह महायज्ञ 'जय रघुपति राघव राजाराम, जय पतित पावन सीताराम' के संकीर्तन के साथ सुबह 6 बजे प्रारंभ होगा और लगातार सात दिनों तक 24 घंटे चलेगा। इस भव्य आयोजन में नगर की 12 मंडलियां प्रतिदिन दो-दो घंटे श्रीराम नाम का संकीर्तन करेंगी। श्री अखंड रामनाम सप्ताह समारोह के संयोजक अनिल चांडक ने बताया कि यह पावन उत्सव मंडली, व्यवस्थापकगण और भक्तों के सहयोग से ही संपन्न होता है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की है कि वे हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उत्साह के साथ अपनी सेवाएं दें और इस उत्सव का दर्शन लाभ अवश्य लें। समारोह का समापन 17 अगस्त, रविवार को होगा, और इसी दिन दोपहर में श्री रामसप्ताह मंडप से श्री राजाराम की एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

- नगर की 12 मंडलियां करेंगी 24 घंटे संकीर्तन, 17 अगस्त को निकलेगी भव्य शोभायात्रा



### पुरे प्रदेश से आएंगे भक्त, तैयारियां जोरों पर

रामसप्ताह समारोह में शामिल होने के लिए विभिन्न गांवों की कीर्तन मंडलियों को भी निमंत्रण भेजा गया है। आयोजकों ने कहा है कि अगर किसी को निमंत्रण पत्र नहीं मिला है, तो भी वे सादर आमंत्रित हैं। यह आयोजन पूरे प्रदेश में ऐतिहासिक माना जाता है और इसकी तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। मंडप को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है, जहां सात दिनों तक भक्त भगवान राम के दिव्य दरबार के दर्शन का लाभ ले सकेंगे।

# धूमधाम से मनाया गया मुनि चिन्मय सागर का अवतरण दिवस

**भाटापारा**। संत शिरोमणि आचार्य भगवन विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि श्री 108 चिन्मय सागर जी महाराज जंगल वाले बाबा का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया, श्री आदिनाथ मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक मोदी ने बतलाया प्रातः काल 7:30 भगवान का मंगल अभिषेक प्रारंभ किया गया।

सर्वप्रथम श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा मस्तक पर विराजमान कर भक्ति के साथ पानडुकशीला में विराजमान की गई, उसके पश्चात भगवान का अभिषेक शांति धारा आरती अत्यंत भक्ति भाव से संपन्न हुई। जन जन के संत राष्ट्र कल्याणकारी संत चमत्कारिक संत मुनि श्री 108 चिन्मय सागर जी महाराज जंगल वाले बाबा एक ऐसे संत थे जिन्होंने अपने साधन का लंबा समय मानव कल्याण एवं जंगलों में कठोर साधना करके व्यतीत किया। आज उनके जन्म दिवस के पावन अवसर पर उनके मूल चरण, मूल सिंहासन जो की भाटापारा में विराजमान है, उक्त चरणों का मंगल अभिषेक जल, दूध, केसर, हल्दी, चंदन, रत्न वृष्टि ,पुष्प दृष्टि के माध्यम से संपन्न हुआ, उसके पश्चात जंगल वाले बाबा की



भव्य पूजन संपन्न हुई श्री विनोद मोदी ने अपने स्वर लहरों में भक्ति भाव से पूजन संपन्न कराई । सुमन लता जैन मोदी ने बतलाया की मुनिश्री 108 चिन्मय सागर जी महाराज जी ने शिक्षा के क्षेत्र में, शिक्षक सम्मेलन, नशा मुक्ति शिविर, वस्त्र वितरण, माला वितरण, स्कूल का निर्माण, अनेक मंदिर का निर्माण,आदि अनेक कार्य महाराष्ट्र राजस्थान मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ कर्नाटक राज्य में संपन्न किए हैं।

**ये रहे उपस्थित**- महाराज जी के समाधि के पश्चात उनके मूल सिंहासन एवं चमत्कारी चरण श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर भाटापारा में विराजमान है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संदीप जैन, पंकज, ग़दिया, नवीन, नितिन गदिया, प्रकाश, आलोक विनोद, रवि, अक्षत, अभिनव, अभिनंदन, अर्णव मोदी, आदि मोदी, सुमन लता, सेवंती जैन, अभिलाष मोदी, सुरभि मोदी, अंशु मोदी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने किया महाविद्यालय में पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शा. बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया । उक्त अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी कोमल देवांगन ने कहा कि बढ़ते हुए प्राकृतिक संतुलन को दूर करने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना आवश्यक है और आमजनों को भी इसमें अधिक से अधिक भाग लेकर पर्यावरण संतुलन में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर आत्माराम वर्मा, लक्ष्मीनारायण जलहरे, तुलसी पैकरा, राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी बीरेंद्र कुमार खरे, ईशाज्ञा मेश्राम, लेकश्वरी साहू, सोनम यादव, हेमलता साहू, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, गेंदराम धीवर, योगेश कन्नौजे, शैलेन्द्र साहू, आलोक, किशन, अमन, पुनेश्वर, देवाशीष, योगेश, अन्नपूर्णा, मनीषा, नीलम, ज्योति, लक्ष्मी, नीलम, त्रिपाणि, अन्नू आदि स्वयंसेवक उपस्थित थे।



### ढनढनी स्कूल में हुआ पौधा रोपण

**मुंडा** । आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के आश्रित ग्राम ढनढनी के शासकीय प्राथमिक शाला में सरपंच मुन्नी पांडे व परमेश्वरी काशी के द्वारा सभी बच्चों को लेवर व टी शर्ट वितरण किया गया । इस उपरांत शाला विकास समिति के अध्यक्ष व सदस्यों पालको स्टाफ के शिक्षकों के द्वारा एक पेड़ मां के नाम से वृक्षारोपण किया गया, जिसमें शामली शाला विकास समिति के अध्यक्ष दुर्गेश खूटे, सदस्य देवानंद बंजारे, सरस्वती पंच रमेश चतुर्वेदी, ताराचंद रात्रे, कमल रात्रे पूर्व पंच, प्रधान पाठक अशोक कुमार सोनकर, शिक्षक तोरेंद्र पुरैना, लतीस साहू एवं ग्रामवासी सम्मिलित रहे ।



## शहादत को नमनः पलारी में जनप्रतिनिधि, पुलिस अधिकारी और नागरिकों ने अर्पित की पुष्पांजलि

# शहीद युगल किशोर वर्मा को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

वीर शहीद युगल किशोर वर्मा की आठवीं पुण्यतिथि पर थाना पलारी परिसर में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अंचल के जनप्रतिनिधि, पुलिस अधिकारी, पत्रकार और स्थानीय नागरिकों ने माला अर्पण कर उन्हें नमन किया और युगल किशोर अमर रहे के नारे लगाए। नगर के वीर सपूत युगल किशोर वर्मा 6 अगस्त 2017 को राजनांदगांव के समीप भावे जंगल में नक्सली उन्मूलन अभियान के दौरान शहीद हो गए थे। वे उस समय सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे। उनकी शहादत को याद कर सभी की आँखें नम हो गईं।

- युगल किशोर पूरे पुलिस विभाग के गौरव हैं, उनका बलिदान अविस्मरणीय : एसपी

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निधि नाग ने भावुक होते हुए कहा कि शहीद युगल किशोर केवल एक परिवार के सदस्य नहीं, बल्कि पूरे पुलिस विभाग के गौरव हैं। हम सभी जब ड्यूटी पर जाते हैं, तो अपने परिवार को पीछे छोड़ते हैं। ऐसे वीर सपूतों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। योगेश चंद्रकार देश को युगल किशोर जैसे सच्चे रक्षक पर हमेशा गर्व रहेगा। उनका बलिदान हम सबके लिए प्रेरणादायक है। हितेंद्र ठाकुर युगल किशोर का बलिदान हमें हमेशा याद दिलाएगा कि देश सेवा सबसे बड़ा धर्म है। वेदप्रकाश वर्मा युगल हमारे परिवार का ही नहीं, पूरे क्षेत्र का गौरव थे। उन्होंने जो किया, वो हर युवा के लिए एक मिसाल है।



### ये हुए उपस्थित

*श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहीद के पिता शिव वर्मा, माता यशोदा वर्मा, पत्नी माधुरी वर्मा, पुत्र आदर्श, भाई गोविंद वर्मा, बहन रानी वर्मा थाना प्रभारी हेमंत पटेल, नगर अध्यक्ष गोपी साहू, शेखर वर्मा, केशव साहू, नीलकमल आजाद, यमलोक साहू, हेमकुमार, मुकेश झा, महेश ढीढी, परमेश्वर साहू, संजू साहू, डोमार साहू समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए।*

